## सार-समाचार

### जोधपुर के झालामंड क्षेत्र में प्रजापति युवा शक्ति की बैठक आयोजित

**फलोदी,** (निसं)। जोधपुर के झालामंड क्षेत्र में स्थित होटल लक्ष्मण पैलेस में प्रजापति युवा शक्ति संगठन की अतिमहत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे राजस्थान के कोने कोने से प्रजापति युवा शक्ति संगठन के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी व सदस्यों ने बडे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीयादे माता तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। बैठक में प्रजापति युवा शक्ति संगठन के समस्त टीम को आगामी समय में कैसे और किस तरह कार्य कर संगठन को मजबूत बनाएं इस संदर्भ मे अलग अलग कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दी गई। सभी की सर्वसम्मति से सिंगर लक्ष्मण प्रजापत को प्रजापति युवा शक्ति संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष, विनोद प्रजापत फलोदी को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, लक्ष्मण प्रजापत पल्ली को पुन: प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही बालोतरा निवासी देवाराम प्रजापत को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, फलोदी निवासी अणदाराम मांधनिया को प्रदेश उपाध्यक्ष, राधेश्याम प्रजापत को दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी की जिम्मेदारी दी। झालामंड निवासी बद्रीलाल प्रजापत को प्रजापति युवा शक्ति संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर समाजसेवी नारायण प्रजापति नागौर ने सभी समाज बंधुओं व नारी शक्ति का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। वही नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों का भी भव्य स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम संपन्न के बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों द्वारा पावन धाम श्री श्रीयादे माता मंदिर पहुंचकर विधिवत पुजा अर्चना की गई।? वही संगठन के सभी पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती सहित समाज के सामाजिक उत्थान मे तन मन धन से पद की गरीमा को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का भरोसा दिया। इस दौरान नारायण प्रजापति ने अपने संबोधन मे संगठन को खरी खरी बाते कहते हुए संगठन के प्रति वफादार रहने की बात कही। सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों व सदस्यों ने कहा कि अब हम प्रजापति युवा शक्ति संगठन में तन मन धन से दुगुने उत्साह व जोश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। इस मौके पर संगठन आवश्यक व जरूरी कागजी कार्रवाई की जिम्मेदारी बाडमेर जिला टीम ने ली। आगामी एक महिने के भीतर बाडमेर मे विशेष बैठक का आयोजन भी किया जायेगा।

### 'सम्पर्क पोर्टल की परिवेदनाएं निपटाएं'

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई जिसमें उन्होंने संपर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी औसत समय में कमी लाते हुए परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। जिला कलक्टर ने राज्य सरकार के निर्देशानुसार ज़िलें में संचालित ग्रामीण सेवा शिविर की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र ग्रामीणों को लाभान्वित करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को हरियालो राजस्थान, एक पेड माँ के नाम कार्यक्रम के तहत लक्ष्यानुरूप प्रगति हासिल करने के साथ ही सघन वृक्षारोपण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त ज़िला कलैक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत, डीएफओ जयदेव सिंह चारण, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, सीएमएचओ डॉ. भेराराम जाणी, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, जिला रसद अधिकारी नमिता नारवाल सहित कई जने उपस्थित रहे।

### सायला में विप्र फॉउंडेशन ने ज्ञापन दिया

**सायला**, (निसं) ।सिरोही जिले के आमलारी गांव में अभय राजपुरोहित की निर्मम हत्या के विरोध में सोमवार को विप्र फाउंडेशन सायला ने मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष, त्वरित एवं प्रभावी जांच कर दोषियों को शीघ्र कठोर सजा दिलाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि सीसीटीवी फुटेज और प्राथमिक साक्ष्यों से प्रमाणित होता है कि इस पूरी वारदात को एक गहरी साजिश और षड्यंत्र के तहत अंजाम दिया गया है। आरोपियों के निवास स्थान से घातक हथियारों की बरामदगी भी हुई है, जिससे स्पष्ट है कि यह पूरी तरह से पूर्व-नियोजित कृत्य था। ज्ञापन में प्रकरण के निष्पक्ष अनुसंधान एवं त्वरित निपटारे के लिए तत्काल एक स्पेशल ऑफिसर की नियुक्ति करने, जिस स्थान और आरोपियों के निवास पर हत्या का षड्यंत्र रचा गया और जहां हथियार बरामद हुए उसे तुरंत प्रभाव से ध्वस्त करने, मृतक की 3 बहनें वारदात स्थल के नजदीक ही रहती हैं, जिनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने, पीि?त परिवार को तत्काल आर्थिक राहत राशि प्रदान करने, परिवार के भरण-पोषण हेतु मृतक की विधवा पत्नी को राजकीय सेवा में स्थायी नियुक्ति देने, इस हत्या के सभी मुख्य आरोपियों का तत्काल नार्को टेस्ट करवाकर पर्दे के पीछे छिपे अन्य सह-षड्यंत्रकारियों को बेनकाब कर उन्हें भी आरोपी बनाने की मांग की गई। इस दौरान फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित, जिला कोषाध्यक्ष जबरसिंह वी. चौराऊ, ब्लॉक अध्यक्ष सांवलसिंह दादाल, मंडल मंत्री नरपतसिंह रेवतडा, बलवताराम आसाना, डायालाल बावतरा समेत समाजबंधु मौजूद रहे।

### राशन में अनियमितता का आरोप

**जोधपुर**, (कासं)। शिव कॉलोनी, देवी रोड स्थित उचित मूल्य की दुकान के राशन विक्रेता की कथित मनमानी से नाराज उपभोक्ताओं ने सोमवार को सडक़ जाम लगा कर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राशन वितरण व्यवस्था में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि राशन विक्रेता ने बिना पूर्व सूचना के अपनी दुकान दूसरी जगह स्थानांतरित कर दी, जिससे क्षेत्र के उपभोक्ताओं को राशन लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि दुकान दूर होने से बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य उपभोक्ताओं को विशेष कठिनाई हो रही है। उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि विक्रेता निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराता तथा कई बार राशन लेने आने वाले लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। इससे क्षेत्रवासियों में लंबे समय से रोष व्याप्त है।सूचना मिलने पर संबंधित विभाग के अधिकारी एवं पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर उनकी शिकायतों के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ व यातायात पुन: सामान्य हो गया।

### शारीरिक शिक्षकों ने स्थायीकरण मांगा

**जोधपुर**, (कासं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) जोधपुर की ओर से वर्ष 2022 में चयनित शारीरिक शिक्षकों के शीघ्र सेवा स्थायीकरण की मांग को लेकर सोमवार को अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा को ज्ञापन सौंपा गया। जिला मंत्री सुभाष विश्नोई ने बताया कि जिलाध्यक्ष भरतसिंह चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विशाल शर्मा को ज्ञापन सौंपकर कहा कि वर्ष 2022 भर्ती के शारीरिक शिक्षक दो वर्षीय परिवीक्षा अवधि पूरी कर चुके हैं, इसके बावजूद जांच के नाम पर उनका सेवा स्थायीकरण लंबित रखा जा रहा है। इससे शिक्षकों को बार-बार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने शीघ्र स्थायीकरण आदेश जारी करने की मांग की।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, पिण्डवाडा, जिला-सिरोही**

क्रमांक : न.पा.पि./ भूमि/2026-27/402 दिनांक 13/07/2028

प्रारूप-13 नियम 13 (20) देखिए

**लोक सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में यह आया है कि निम्न खसरों में स्थित भूमि या उसके भाग का 17.06.1999 से पूर्व की कालावधि से गैर कृषिक प्रयोजनार्थ हेतु उपयोग किया जा रहा है/ किया गया है और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार / हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क की उपधारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी है। खसरों की सूची निम्नानुसार है

| क्र. स. | खसरा संख्या | राजस्व ग्राम | रकबा बीघा में | खातेदार का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 6034/2133 | पिंडवाड़ा द्वितीय | 0.2365 बीघा | श्री हरीशंकर पुत्र रावतारामजी, श्री भोमाराम पुत्र श्री रावतारामजी, श्री जगदीश कुमार पुत्र श्री रावताराम |

अतः उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन तारीख से सात दिवस के भीतर-भीतर कारण बताए कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जावें और इसलिए क्यों न भूमि को राज्य सरकार मे समस्त विल्लंगमों से मुक्त निहित किया जा सके।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन दिनांक 13 (वर्ष) 07 (माह) के 26 दिन जारी की जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी एवं
अधिशाषी अधिकारी पिण्डवाडा
नगर पालिका पिण्डवाडा


# जालोर में आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया

■ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) जालोर ने पूर्ण समर्थन दिया

**जालोर**, (कासं)। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं सहयोगिनियों (साथिनों) की वर्षों से लंबित ग्यारह सूत्रीय मांगों के समर्थन में सोमवार को जिला मुख्यालय जालोर पर विशाल धरना-प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किया गया। धरने का नेतृत्व आंगनवाडी कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष श्रीमती जसोदा मीणा ने किया। कार्यक्रम में जिलेभर से बडी संख्या में आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं सहयोगिनियां शामिल हुईं और सरकार से सम्मानजनक मानदेय, नियमिती करण तथा सेवा सुरक्षा सहित सभी लंबित मांगों पर तत्काल निर्णय लेने की मांग की।

इस आंदोलन को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) जालोर ने भी अपना पूर्ण समर्थन दिया। शिवसेना यूबीटी जालोर जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित के नेतृत्व में शिवसेना पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धरना स्थल पहुंचे और रैली में शामिल होकर आंगनवाडी कर्मचारियों के संघर्ष में एकजुटता व्यक्त की। कार्यक्रम का मंच संचालन वसुंधरा ने किया। उन्होंने आंदोलन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि आंगनवाडी कर्मचारियों का संघर्ष केवल वेतन का नहीं बल्कि सम्मान, सुरक्षा और न्याय का संघर्ष है। धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जसोदा मीणा ने कहा कि आंगनवाडी कार्यकर्ता वर्षों से महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं की देखभाल, बच्चों का पोषण, टीकाकरण, प्री-स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य परीक्षण, ऑनलाइन डेटा अपलोड, सरकारी सर्वे, चुनावी ड्यूटी, जनगणना, पल्स पोलियो अभियान तथा अन्य अनेक सरकारी कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ किए जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सम्मानजनक मानदेय और कर्मचारी का दर्जा नहीं मिल रहा है। बार-बार आश्वासन मिलने के बाद भी सरकार द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। शिवसेना यूबीटी जालोर जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित ने अपने संबोधन में राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा शिवसेना (यूबीटी) जालोर आंगनवाडी कर्मचारियों की सभी 11 सूत्रीय मांगों का पूर्ण समर्थन करती है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं सहयोगिनियों का नियमितीकरण किया जाए, कार्यकर्ताओं का मासिक मानदेय 20,000 रुपये किया जाए, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुसार वेतन सुनिश्चित किया जाए, पे-मैनेजर के माध्यम से प्रत्येक माह समय पर भुगतान किया जाए, पेंशन योजना लागू की जाए, सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए, किराये के भवनों में संचालित आंगनवाडी केंद्रों का किराया एवं बिजली-पानी का भुगतान सरकार स्वयं करे, न्यायालयों के आदेशों की पूर्ण पालना हो, सेवा सुरक्षा एवं चिकित्सा बीमा उपलब्ध कराया जाए, उच्च स्तरीय समिति गठित कर मांगों का समाधान किया जाए तथा भविष्य के लिए स्पष्ट सेवा नियम एवं पदोन्नति नीति बनाई जाए। धरने को शिवसेना यूबीटी जालोर शहर प्रमुख मिश्रीलाल परिहार ने भी संबोधित किया। धरने के बाद मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर जालोर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में जिलेभर से आई सैकडों आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं सहयोगिनियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक स्वर में अपनी 11 सूत्रीय मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग करते हुए सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। शिवसेना (यूबीटी) के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से आंदोलन को व्यापक समर्थन मिला और कर्मचारियों का मनोबल भी बढा।

## रेवदर में दस पटवारी, चौदह वीडीओ बदले

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर उपखंड क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए बडा फेरबदल किया गया। उपखंड अधिकारी व मजिस्ट्रेट राजन लोहिया ने दस पटवारियों के स्थानांतरण और पदस्थापन के आदेश जारी किए। पंचायत समिति रेवदर के विकास अधिकारी सांवलाराम ने 14 ग्राम विकास अधिकारियों के तबादलों के आदेश जारी किए सभी कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त होकर नए पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

एसडीएम के आदेश के अनुसार अजय जोशी को पटवार मंडल रेवदर से लूणोल लगाया गया। रामाराम को लूणोल से रेवदर भेजा गया। मदन सोलंकी को डबाणी से एलआरसी पटवारी तहसील कार्यालय रेवदर लगाया गया। डायाराम को मगरीवाडा से जीरावल भेजा गया। दिलीप गुर्जर को दांतराई से पामेरा लगाया गया। केवदाराम को सोनेला से मंडार भेजा गया। अभिमन्यु सिंह को वरमाण से रोहिडा लगाया गया। सुशील मीणा को बांट से धवली भेजा गया। अनिल कुमार को धवली से मगरीवाडा लगाया गया। गुणवंत को एलआरसी पटवारी तहसील कार्यालय रेवदर से धाण भेजा गया। राजन लोहिया ने तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि संबंधित पटवारियों को वर्तमान पदस्थापन स्थल से तुरंत कार्यमुक्त किया जाए। नए स्थान पर कार्यग्रहण कराया जाए पंचायत समिति के आदेश के अनुसार कर्मवीर सिंह को सिरोडी से धवली लगाया गया। रमेश कुमार विश्नोई को डाक से रेवदर भेजा गया। प्रकाश कुमार को रेवदर से डाक लगाया गया। संजय कुमार को धाण से मकावल भेजा गया। कमलेश कुमार को सोनेला से धाण लगाया गया। रणजीत कुमार को पीथापुरा से जेतावाडा भेजा गया। प्रवीण कुमार को नागाणी से लूणोल लगाया गया। पंकज खिडयां को धवली से सिरोडी भेजा गया। महेंद्र कुमार खण्डेलवाल को हरनी अमरापुरा से सोनेला लगाया गया। श्रवण कुमार को जेतावाडा से सोरडा भेजा गया। रमेश कुमार सुथार को भैंरुगढ से अनादरा लगाया गया। संजू कुमारी को मकावल से पंचायत समिति रेवदर भेजा गया। महेंद्र कुमार कुम्हार को सोरडा से भटाणा लगाया गया। बनवारी खटाणा को जौलपुर से पंचायत समिति रेवदर लगाया गया। आदेश में रणजीत कुमार को पीथापुरा ग्राम पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दिया। महेंद्र कुमार खण्डेलवाल को दांतराई का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। रमेश कुमार सुथार को भैंरुगढ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विकास अधिकारी ने सभी ग्राम विकास अधिकारियों को तत्काल कार्यमुक्त के निर्देश दिए। नए पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना होगा। सात दिनों के भीतर चार्ज सूची की प्रति पंचायत समिति कार्यालय में जमा करानी होंगी।

## बाल व्यक्तित्व विकास शिविर प्रेरणा संपन्न

■ शिविर के दौरान बच्चों को आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिक मूल्यों, राजयोग मेडिटेशन, रचनात्मक गतिविधियों एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं के माध्यम से श्रेष्ठ व्यक्तित्व निर्माण की प्रेरणा दी

**जालोर**, (कासं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, जालोर की ओर से आयोजित चार दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर प्रेरणा-30 का समापन समारोह सोमवारको उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। शिविर के दौरान बच्चों को आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिक मूल्यों, राजयोग मेडिटेशन, रचनात्मक गतिविधियों एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं के माध्यम से श्रेष्ठ व्यक्तित्व निर्माण की प्रेरणा दी गई।

शिविर के दूसरे दिन मुख्य वक्ता बीके रंजू दीदी ने बच्चों को परमात्मा का यथार्थ परिचय देते हुए बताया कि परमात्मा निराकार, सत्यस्वरूप एवं शिव हैं तथा वे समस्त आत्माओं के माता-पिता हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा की सही पहचान से जीवन में शक्ति, शांति और आत्मविश्वास प्राप्त होता है।

बीके अस्मिता दीदी एवं बीके मीनाक्षी दीदी ने ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक खेलों के माध्यम से बच्चों को आध्यात्मिक मूल्यों का सहज ज्ञान कराया, जबकि बीके ज्योति दीदी ने प्रेरणादायक कहानी सुनाकर अच्छे संस्कार एवं सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। दिन के अंत में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसबीआई बैंक के प्रबंधक शंभू दयाल विश्वकर्मा ने कहा कि अच्छी आदतों को अपनाना और बुरी आदतों का त्याग करना ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। उन्होंने बच्चों से समय पर सोने-उठने, मोबाइल का सीमित उपयोग करने, नशे से दूर रहने तथा परिवार, समाज और राष्ट्र का गौरव बढाने का संकल्प लेने का आव्हान किया। समाजसेवी छगन ने श्रेष्ठ जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।

रवि शंकर विद्या भारती विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि माता-पिता एवं बडों का सम्मान करना प्रत्येक बच्चे का प्रथम कर्तव्य है। बी.एल. सुथार ने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राजयोग मेडिटेशन से एकाग्रता, आत्मविश्वास व सकारात्मक सोच का विकास होता है।

ममता विश्वकर्मा ने बच्चों को एक श्रेष्ठ गुण धारण करने और एक अवगुण का त्याग करने का संकल्प दिलाया। हँसी विश्वकर्मा 8 साल की बालिका ने शिव बाबा की स्मृति में प्रेरणादायक विचार व्यक्त करते हुए मधुर गीत प्रस्तुत किया, जिसने सभी को भाव-विभोर कर दिया। शिविर के दौरान चित्रकला, नृत्य, फैंसी ड्रेस एवं प्रश्नोत्तर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में दशरथ प्रथम, दृष्टि सुथार द्वितीय एवं कल्याण तृतीय रहे। नृत्य प्रतियोगिता में उत्तम प्रथम, पार्थ द्वितीय तथा प्रिंस चौहान तृतीय स्थान पर रहे।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में जामिनी प्रथम, दृष्टि सुथार द्वितीय एवं उत्तम कुमार तृतीय रहे। प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में अभिषेक प्रथम, राहुल राठौड एवं पार्थ संयुक्त रूप से द्वितीय तथा कल्याण तृतीय स्थान पर रहे। बीके रंजू दीदी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, श्रेष्ठ संस्कार, सकारात्मक सोच एवं आध्यात्मिक जीवन मूल्यों को अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## जालोर में जूनियर एथलेटिक्स प्रति.19 को

**जालोर**, (कासं)। जिला एथलेटिक्स संघ जालोर की एडहॉक कमेटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय जूनियर अंडर 14 व अंडर 18 एथलेटिक्स प्रतियोगिता 19 जुलाई को रूपनगर कॉलोनी वीएस महावीर स्कूल जालोर के खेल मैदान में आयोजित होगी।

जिला एथलेटिक्स संघ जालोर की एडहॉक कमेटी के संयोजक विनोद आर्य ने बताया कि अंडर 16 व अंडर 20 वर्ष के खिलाडियों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता 26 जुलाई को होगी।चारों प्रतियोगिता के लिए एंट्री करवाने की अंतिम तिथि 17 जुलाई है। इस तिथि से पूर्व भाग लेने वाले खिलाडी अपनी एंट्री वीएस महावीर स्कूल में सुबह 8 से दोपहर 1 बजे के मध्य जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के संयोजक कन्हैयालाल मिश्रा के पास करवा सकते हैं।खिलाडी अपनी एंट्री 17 जुलाई तक 94145654०6 नंबर पर व्हाट्सएप द्वारा भी करवा सकते हैं।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बालक बालिका खिलाड़ियों की जन्मतिथि इस प्रकार से होगी। अंडर 14 आयुवर्ग में 28 अक्टूबर 2012 से 27 अक्टूबर 2014, अंडर 18 आयुवर्ग में 28 अक्टूबर 2008 से 27 अक्टूबर 2010,अंडर 16 आयुवर्ग में 28 अक्टूबर 2010 से 27 अक्टूबर 2012 व अंडर 20 आयुवर्ग में 28 अक्टूबर 2006 से 27 अक्टूबर 2008 होगी।प्रतियोगिता में जालोर जिले में निवासरत खिलाडी ही भाग ले सकेंगे।

## 'मोहनगढ़ में विद्युत सप्लाई सुचारू रखें'

■ जैसलमेर कलैक्टर अनुपमा जोरवाल ने अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर अनुपमा जोरवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न विभागों के प्रगतिरत कार्यों, विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, ई-फाइलिंग, अंतर्विभागीय मुद्दों, ई-श्रम योजना, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पी.एम सूर्यघर योजना, कर्मभूमि से मातृभूमि योजना सहित अन्य गतिविधियों की विस्तार से प्रगति की समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवंटित लक्ष्यों की बेहतरीन ढंग से समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जोरवाल ने मोहनगढ से नहर से हो रही जलापूर्ति व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधीक्षण अभियंता जलदाय, विद्युत तथा विद्युत प्रसारण एवं उत्पादन को निर्देश दिए कि वे तकनीकी रुप से कार्ययोजना बना कर ऐसी व्यवस्था करें कि वहां पर कम से कम विद्युत सप्लाई बाधित हो, वहीं विद्युत ट्रिपींग भी कम से कम हो, जिससे जैसलमेर शहर के साथ ही नहर से जुड़े गांवों में पानी की सप्लाई सही रहे। उन्होंने इसके समाधान के लिए स्थाई रुप से कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत प्रसारण को निर्देश दिए कि आंधियों के कारण उनकी बड़ी लाईन के विद्युत पोल क्षितठास्त हुए है उनको विशेष टीम लगा कर तत्परता के साथ सुचारु करायें ताकि विद्युत आपूर्ति होते ही पेयजल सप्लाई हो सकें। उन्होंने अधीक्षण अभियंता जलदाय व विद्युत को निर्देश दिए कि वे इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग करें एवं पानी सप्लाई को सुचारु बनाए रखने के पूरे प्रयास करें। उन्होंने इन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे टीम भावना से कार्य कर जलापूर्ति व्यवस्था बनाए रखने में पूरा सहयोग दें। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी, उपायुक्त उपनिवेशन आर.एस.चौहान, युआईटी सचिव सुखराम पिण्डेल सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पाली में विभागीय कार्यों की समीक्षा हुई

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर की अध्यक्षता में वीसी रूम में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला कलैक्टर ने केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं विभागों की महव्वपूर्ण योजनाओं और बकाया कामों व गत सप्ताह के कामों की प्रगति की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला कलैक्टर ने ठाामीण एवं शहरी सेवा शिविरों की प्रगाति की समीक्षा, जर्जर स्कूल/ कार्यालय/आंगनवाडी/हॉस्पीटल केन्द्रों की समीक्षा की गई, समीक्षा मे आंगडवाडी केन्द्र पर जर्जर रूम की मरम्मत, स्कूल, हॉस्पीटल, में जर्जर रूम की मरम्मत तथा छत पर बरसात का पानी जमा होने पर उनकी मरम्मत कराने तथा "आओ गांव चलो" अभियान की समीक्षा की। साथ ही शिक्षा विभाग में स्कुलो में आधार नामांकन से वंचित विद्यार्थियों के संबध में समीक्षा की गई।

चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग के मौसमी बीमारियॉ जैसे डेंगू, मलेरिया के कसेज की समीक्षा की गई, समीक्षा में अगर कोई केसेज आता है। वहां आसपास के 100 मीटर की रेंज में फोगिंग करवाने के निर्देश दिये, साथ ही भीडभाड वाली जगह तथा बडी संख्या में लोग जहां रहते है। जैसे हॉस्पीटल, जेल परिसर, हॉस्टल, स्कूल अदि जगहो पर 15 दिन में फोगिंग एक्टिविटी करवाने के निर्देश दिये। साथ ही चिकित्सा विभाग व बांगड चिकित्सालय में आयुष्मान आरोग्य योजना, नि:शुल्क दवा योजना, नि:शुल्क जांच योजना, दवाईयों का स्टॉक वैरीफिकेशन के निर्देश दिये।


